तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 विश्व क्षय दिवस का आयोजन 60 ग्राम पंचायत हुए टीबी मुक्त


12 नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ने चंडी मंदिर पहुंच मार्ग...


## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से गाय की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 तोरला ढाबा के सामने कार की टक्कर से एक गाय की मौत हो गई। मामले को लेकर पटेवा थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रार्थी मनीराम सिन्हा ने बताया कि रात्रि करीबन 1.40 बजे कार क्रमांक सीजी 22 एक्स 3100 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मनी पंजाबी ढाबा के सामने तोरला पड़ाव के पास उसकी गाय को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गाय की मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### रिवर्स हो रहे ट्रक से बाइक क्षतिग्रस्त

**बिरकोनी।** रिवर्स हो रहे ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस को नयापारा अछरीडीह निवासी देवराज लहरी ने बताया कि 23 मार्च को वह अपने बड़े भाई अर्जुन लहरी के साथ अपने पल्सर मोटर सायकल सीजी 04 पीक्यू 6766 से आरंग सामान खरीदने जा रहे था। नेशनल हाईवे 53 बिरकोनी एचपी पेट्रोल पंप के सामने चाय दुकान रूके थे और चाय पी रहे थे। उसी समय रोड किनारे खडी टाटा ट्रक 10 चक्का क्रमांक ओडी 05 क्यू 0275 का चालक अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक तेज रफ्तार से रिवर्स करते पीछे खड़ी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तुहत अपराध दर्ज किया गया है।



### पैतृक जमीन को लेकर बड़े भाई से मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद के चलते ग्राम बारीकपाली में एक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई के साथ मारपीट कर दी। मामले में सांकरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को घुरउ साव पिता पितरू साव (48 साल) ग्राम बारीकपाली ने बताया कि हम लोग 8 भाई बहन है। जिसमें से वह सबसे बड़ा है। हम लोग की कुल 04 एकड़ पैतृक कृषि भूमि है जो सम्मिलित कृषि भूमि है। जमीन की रजिस्ट्री मेरे नाम से हुई है, जिसके चलते उसके छोटे भाई महेंद्र साव ने 22 मार्च की दोपहर करीबन 3 बजे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# सर्वर डाउन की समस्या से पंजीयन में आ रही बाधा, रोज पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पंजीयन कार्यालय में इन दिनों सर्वर डाउन होने की समस्या के चलते जमीन पंजीयन कराने पहुंच रहे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में जहां लक्ष्य पूर्ति को लेकर विभाग मशक्कत कर रहा है वहीं शुक्रवार से सर्वर डाउन होने के कारण लोग परेशान हैं।

जिला पंजीयक कार्यालय में वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने के चलते शुक्रवार से लेकर सर्वर डाउन है। सोमवार को कार्यालय तो खुला फिर सर्वर बंद चालू के कारण दूर दराज़ से आने जाने वाले लोग बहुत परेशान होते रहे। आम दिनों में भी सर्वर डाउन होने के कारण रजिस्ट्री के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

गर्मी में कार्यालय के अंदर जहां लोगों की कतार लगी है, वहीं बाहर भी लोग इंतजार करते नजर आए। पंजीयन कार्यालय में वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने के कारण इन दिनों संपत्ति के पंजीयन के लिए जहां कतार लगी हुई है, वहीं सर्वर डाउन होने की परेशानी आम बनी हुई है। जिन लोगों को समय दिया जाता है वे घंटों इंतजार करने के बाद भी दस्तावेजों का पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते पंजीयन कार्यालय में भीड़ के चलते लोग जमीन पर बैठे भी नजर आ रहे हैं।

## रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे पक्षकार बैरंग लौट रहे, छाई मायूसी

### वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होने से बढ़ी भीड़

वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होने के कारण शुक्रवार को बड़ी संख्या में पक्षकार रजिस्ट्री कराने के लिए कार्यालय पहुंचे। यहां भी एक सर्विस प्रोवाइडर से दूसरे के पास भटकते रहे। सुबह 10 बजे से तकनीकी समस्या के चलते सर्वर बंद हो गया और फिर देर शाम तक दोबारा शुरू नहीं हो पाया।



### पक्षकार ज्यादा परेशान

मिली जानकारी के अनुसार सॉफ्टवेयर ने बीच-बीच में थोड़ा काम किया, लेकिन इसकी प्रक्रिया में अधिक समय लगने के कारण पक्षकार ज्यादा परेशान हुए। सॉफ्टवेयर की खराबी मार्च के महीने में प्रॉपर्टी कारोबारियों के सामने बड़ी समस्या खड़ी कर देते हैं। अफसरों की मानें तो समस्या का जल्द ही समाधान हो जाएगा। और पक्षकारों को रजिस्ट्री के लिए नही भटकना पड़ेगा।

## गुस्सा: शराब दुकान स्थानांतरित कर बिरकोनी में खोलने से लोगों में रोष

# नई शराब दुकान नहीं खोलने व गांव में बिक रही अवैध शराब पर मांगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शराब दुकान को स्थानांतरित कर

- बिरकोनी के सैकड़ों ग्रामीणों ने नई शराब दुकान न खुलने व अवैध शराब बिक्री से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

बिरकोनी में खोले जाने और गांव में शराब की अवैध बिक्री को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। बता दें कि प्रशासन के आदेश अनुसार स्थान्तरित होकर शऱाब दुकान को बिरकोनी में खोले जाने का प्रस्ताव प्रशासन द्वारा पंचायत से मंगाया गया है। ग्राम बिरकोनी के सरपंच चंदन चंद्राकर व जनपद सदस्य विष्णु साहू सहित पंच और ग्रामीणों ने शराब दुकान नहीं खोलने हेतु डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बताया कि उक्त प्रस्ताव का पंचायत समिति व ग्रामीणों ने समर्थन नहीं दिया।

सरपंच चंदन चंद्राकर ने बताया कि नई शराब दुकान खोलने से अनेक प्रकार के समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना है। गांव के युवाओं में नशे की लत बढ़ने का खतरा है। इसके खुलने से अपराध, घरेलू हिंसा और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। स्कूल, चंडी मंदिर धार्मिक स्थल होने के कारण बच्चों और समाज में बुरा प्रभाव होगा। क्षेत्र में अशांति व सुरक्षा भंग होने की सम्भावना है। ग्रामीणों ने बताया कि अभी भी अवैध शराब बिक्री के कारण शाम होते ही माहौल खराब रहते है। डिप्टी कलेक्टर से चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में शराब दुकान न खोलने के प्रस्ताव को रद्द करें। समाज के हित को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। वही ग्राम में धड़ल्ले से अवैध शराब के बिक्री रोकने का नाम नहीं ले रहा है।



### गांव की गलियों में दर्जनों जगह बिक रही शराब

सरपंच चंदन चंद्राकर व जनपद सदस्य विष्णु साहू व ग्रामीणों ने गांव में अवैध शराब बिक्री बंद करने को लेकर भी डिप्टी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि ग्राम के कन्या हाई स्कूल के सामने, पंचायत के सामने, आंगनबाड़ी के सामने, पटवारी कार्यालय के सामने, बालक हाईस्कूल के सामने, मंडी के सामने, कन्या प्राइमरी स्कूल के सामने, नेहरू स्मृति स्कूल, बाजार चौक, सतनाम पारा, बिजली ऑफिस के सामने, परसवानी रोड, चंडी गेट चौक में 24 घंटे अवैध शराब बिक रहा है। वहीं अवैध कारोबार में संलिप्त लोग बाइक में बोतल रखकर गली व चौराहे में डेरा जमाए रहते है। आम आदमी को इशारा कर गोवा 170 रुपया, मसाला 150 रुपये में बिक्री की जा रही है। यह गैर कानूनी गतिविधि न केवल कानून का उल्लंघन है। बल्कि, ग्राम एवं समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। इस अवैध शराब बिक्री के कारण युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है।

### यह ग्रामीण रहे मौजूद

इस दौरान उपसरपंच गिरीश चंद्राकर, पूर्व सरपंच ताम्रध्वज निषाद, पवन साहू, महावीर निषाद, फागुलाल साहू, भुनेश्वरी साहू, केशर, नेहा साहू, लक्ष्मी पटेल, डरहीन ध्रुव, लाकेश्वरी यादव, संतोष निषाद, देवकी बाई साहू, सुनीता मांडे, दीपकुमार, टकेश्वर सेन, रवि साहू, हेमराज चंद्राकर, हरीश निर्मलकर, भागवत पटेल, हेमन्त चंद्राकर, ओमप्रकाश निर्मलकर, किशलाल निर्मलकर, भागवत पटेल, महेंद्र यादव, बल्ला साहू, डोलू साहू, मोहन साहू, हीरालाल चंद्राकर, गोविंद साहू, बलराम पटेल, जगदीश साहू, राजेश्वर साहू, कोतवाल गोकुल सोनवानी, योगेश मानिकपुरी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एक बार फिर लौटा हाथी, 13 गांवों के लिए हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



हाथी की उपस्थिति को लेकर वन विभाग द्वारा सोशल मीडिया पर अलर्ट जारी कर बागबाहरा रोड से गुजरने वाले लोगों को सावधान रहने कहा गया है। वन विभाग की ओर जारी अलर्ट के अनुसार एक दंतैल हाथी ने 24 मार्च को कोठारी और बार नवापारा रेंज से होते हुए वनमंडल महासमुंद जिला में प्रवेश किया है जो कि सुबह एनएच 53 को बार कर कक्ष क्रमांक 857, 858, 860, 59, 60, 61, 438, 62, 63 के सोरिद ओर गौरखेड़ा के आसपास के जंगल में विचरण कर रहा है। जिसका वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 860, 58, 59, 60, 63 के जंगल हैं। इसके चलते वन विभाग के अनुसार हाथी की धमक से लोहारडीह, घोंघीबहार, बनसिवनी, सोरिद, चोरभट्ठी, गौरखेड़ा, दलदली, उमरदा, अरंड, मुड़मार, पतेरापाली, सिरगिड़ी, झालखम्हरिया, बोरियाझर, केशवा, खट्टी, कोना, बकमा, जीवतरा, धनसुली में ग्रामीणों को हाई अलर्ट जारी करते हुए ग्रामीणों को सर्तक रहने कहा गया है साथ ही रात में महासमुंद-बागबाहरा मार्ग में सावधानीपूर्वक चलने कहा गया है। बताया गया है कि आसपास के ग्रामों में कोटवार द्वारा मुनादी करवा दिया गया है कि, कोई भी जंगल न जाएं, सतर्क रहे, हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना दें।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** बीते महीने बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की हुई मौत के मामले बसना थाने में आरोपी चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पलिस ने बताया कि 20 फरवरी को मृतक कुष्टो भोई (63 साल) शौच कर वापस घर आ रहे थे और एनएच 53 रोड को क्रास करने के लिए खड़े थे, उसी समय मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी06 जीए 8843 के चालक अरूण निवासी रेमड़ा के द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाकर कुष्टो भोई को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे कुष्टो भोई के दोनो पैर, सिर, चेहरा, कमर, हाथ में चोट लगी और ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बड़े बकायदारों पर बिजली विभाग की सख्ती, काटा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बिजली कंपनी अभियान चलाकर बड़े बकायदारों पर सख्ती बरत रही है। शनिवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की लाइन काटी गई।

तुमगांव वितरण केंद्र के कुल बकाया राशि रुपए 3172599 वाले 82 उपभोक्ता जिनमें एमआर बांधे, नन्द कुमार निर्मलकर, राम खिलावन, नन्द कुमार साहू तुमगांव, तेजूराम विश्वकर्मा, खिलावन साहू, प्रीतम कुमार साहू भोरिंग, विशाली राम, मोहनलाल छापोराडीह, तरनी यादव, रामती बाई यादव खैरझिटी, धनाऊराम, लालाराम निषाद पासीद का लाइन काटी गई। लाइन काटने के बाद कुल 19 उपभोक्ताओं द्वारा 275770 रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही लाइन काटने के बाद जांच में बिना भुगतान किए 2 उपभोक्ता ननकीबाई सोनी, सेवक निर्मलकर के द्वारा अवैध रूप से लाइन जोड़कर विद्युत का उपयोग किया जा रहा था, जिनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम की 'धारा 138' के के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार खट्टी वितरण केंद्र के कुल बकाया राशि 2087137 रुपए वाले 103 उपभोक्ता हैं, जिनमें मनहरण गाड़ा, उर्मिला बाई, रामानंद ठाकुर अमाकोनी, मोहन सिंग गोंड ढोढ, दिलेश्वर सिन्हा, रोशनलाल, संतोष निषाद डुमरपाली, आनंद गिरी गोस्वामी, भगत तुलसी, शकुन बाई मामाभांचा, गणेशु साहू, गोविंद राव, हेमलाल निषाद खट्टी एवं अन्य की लाइन काटी गई। बिजली लाइन काटने के बद कुल 17 उपभोक्ताओं द्वारा कुल राशि 136110 रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार महासमुंद ग्रामीण वितरण केंद्र के अंतर्गत दिनांक 21 मार्च 2025 को बिजली बिल के लिए लाईन विच्छेदन किया गया। ईई पीआर वर्मा ने बताया कि अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।



महासमुंद शहर जोन अंतर्गत कुल बकाया राशि रुपए 853985 रुपए वाले 68 उपभोक्ता का बिजली बिल के लिए लाइन काटी गई। इसमें राकेश टंडन, प्रेमलता चंद्राकर, महेश कुमार मिश्रा और अन्य उपभोक्ताओं का लाइन विच्छेदन किया गया। 26 उपभोक्ताओं ने 213460 रुपए का बिजली भुगतान किया है।

### 21 लोगों ने तीन लाख 23 हजार किया भुगतान

महासमुंद ग्रामीण वितरण केंद्र कुल बकाया राशि रुपए 3708081 रुपए वाले 126 उपभोक्ता हैं, जिनमें तुलाराम साहू, गंगाराम साहू, ताराचंद साहू, शेरगांव, गोमती रात्रे, बांके बिहारी पांडे बम्हनी, अरुण कुमार साहू, बालाराम साहू, सेवती बाई, भुरका, फूसिंह साहू, ईश्वर चक्रधारी, दिलीप एवं अन्य की लाइन काटी, जिनका विच्छेदन उपरांत कुल 21 उपभोक्ताओं द्वारा कुल राशि 323050 रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ।

कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि राजस्व वसूली की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। किसी भी उपभोक्ताओं द्वारा यदि अनधिकृत लाइन जोड़ी जाती है तो 'विद्युत अधिनियम 2003' की 'धारा 138' के तहत कार्यवाही किया जाएगा।

## करणी कृपा प्लांट में तीन लोगों के झुलस कर घायल होने का मामला

# आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज, पुलिस कर रही विवेचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

करणी कृपा प्लांट में तीन लोगों के झुलस कर घायल होने के मामले में तुमगांव पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि 22 मार्च को करणी कृपा पावर प्लांट के प्रबंधन के अधिकारी सुमीत ठाकुर की ओर से एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन जांच के दौरान आवेदन में वर्णित घायलों देवेंद्र सिंह पिता तिलक राज सिंह, करण कुर्रे पिता बुधारू कुर्रे और रितेश यादव पिता जगत यादव का रायपुर के अस्पताल में कथन कराया गया। जिस पर प्रथम दृष्टया विनोद कुमार राय, सामंत बिंदुरंजन धीर एवं करणी कृपा प्लांट प्रबंधन एवं अन्य अधिकारी के द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन न करते हुए उपेक्षापूर्ण कार्य करने से उक्त घटना घटित होना पाया गया। जिसके चलते उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 125 (ए) के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया।



घटना को लेकर पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि करणी कृपा पावर प्राईवेट लिमिटेड में 22 मार्च को करीब 11.50 बजे डीएससी की सफाई के नियमित कार्य के दौरान डस्ट मिश्रित गर्म पानी के संपर्क में आ जाने के कारण कर्मचारी देवेंद्र सिंह पिता तिलकराज सिंह पद सहायक प्रबंधक विभाग- प्रोसेस, करण कुर्रे पिता बुधारू कुर्रे पद-हेल्पर, विभाग-प्रोसेस, रितेश पिता जगत यादव पद-हेल्पर विभाग प्रोसेस झुलस गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर अस्पताल भेजा गया।

### कारखाने में हुए दुर्घटना की जांच जारी, श्रमिकों का बेहतर उपचार चल रहा

प्लांट में हुई दुर्घटना की जांच के तहत उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बिलासपुर (वर्तमान प्रभार बलौदाबाजार) अश्वनी पटेल एवं श्रम पदाधिकारी महासमुंद डीएन पात्र द्वारा विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। कारखाना अधिनियम के तहत दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जांच की गई। जांच अधिकारियों ने कारखाना प्रबंधन को निर्देशित किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। दुर्घटना के संबंध में आगे की जांच एवं वैधानिक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। दुर्घटना कारखाने के डस्ट सेटलिंग चैंबर में हुई, जहां डस्ट गिराने के दौरान अधिक मात्रा में डस्ट पानी में गिरने से गर्म पानी के छीटों के संपर्क में आने से तीन श्रमिक झुलस गए। घायलों का इलाज रायपुर के कालडा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर, पचपेढ़ी नाका में जारी है। इसके अलावा, श्रम विभाग ने ठेकेदार मेसर्स जवाहर इंटरप्राइजेस का न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 एवं संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के तहत निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाई गई त्रुटियों के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी कर आगामी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

# दामाद ने सास से की मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक महिला के साथ उसके दामाद ने

- सिटी कोतवाली क्षेत्र के नयापारा का मामला

मारपीट कर दी। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को वार्ड 8 नयापारा निवासी ईश्वरी सोनी ने बताया कि वह अपने बच्चे और अपनी मां सावित्री सोनी के साथ किराये के मकान में नयापारा में रहती हूं। उसकी मां प्रतिदिन घरेलू काम करने रेलवे फाटक के पास सुबह 06.30 बजे करीब जाती है। 23 मार्च को उसके बेटे ने करीब 11बजे घर आकर बताया कि नानी को मौसा हेमू ने मार दिया है, जिसे डायल 112 जिला अस्पताल लेकर गये हैं।

प्रार्थिया सूचना पाकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंची और अपनी मां से पूछा तब उसने बताया कि घरेलू काम कर वापस 11 बजे लालवानी गली तरफ से आ रही थी, तभी लोहानी बिल्डिंग के पास दामाद हेमू पटेल आया और मेरी पत्नी को छुपाकर रखे हो कहकर जान से मार दूंगा कहकर वहीं पर पड़े ईंट के टुकड़े से मारपीट किया, जिससे सिर से खून निकलने लगा तथा हाथ में चोट लगी, तब वहां पर उपटस्थित लोगों ने 112 डायल को सूचना दिया और जिला अस्पताल महासमुंद में लाकर भर्ती किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### मनोरोग, नशामुक्ति के लिए शिविर आज

**महासमुंद।** स्थानीय महासमुंद मेडिकल में 25 मार्च मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एमबीबीएस डॉ. अभिषेक गुप्ता मनोरोग, नशा मुक्ति एवं यौन रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। मानसिक रोग जैसे अवसाद, घबराहट, बेचैनी, सिरदर्द, तनाव, चिड़चिड़ाहट, नींद ना आना, डर लगना, बेवजह शक करना, बार-बार हाथ धोना या बात दोहराना, झटके, चक्कर या बेहोशी आना, याददाश्त में कमजोरी आना, रास्ते, नाम इत्यादि भूल जाना बहुत ज्यादा बोलना, मारपीट करना, बेवजह पैसे खर्च करना या वस्तुओं का नुकसान करना आदि बीमारियों के बारे में परामर्श ले सकते हैं। मानसिक एवं मनोरोग विशेषज्ञ प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को उपलब्ध रहेंगे।

### राजयोग शिविर कल से

**कोमाखान।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय कोमाखान द्वारा 26 मार्च सायं 6.30 बजे राजयोग शिविर देवांगन भवन के सामने प्रारंभ किया जा रहा है। बीके डोमेश्वरी बहन ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते हुए तनाव से मुक्त खुशनुमा शैली पर आधारित शिविर 26 मार्च से 1 अप्रैल तक निःशुल्क चलेगा। शिविर सुबह 7 से 8 बजे तक एवं सायं 6:30 से 8 बजे तक लगाया जायेगा। इसमें खुश रहने की कला, आत्मज्ञान, कालचक्र का ज्ञान, परमात्मा से अवतरण की कहानी, जीवन में सुख-शांति हेतु ज्ञान एवं स्वयं की आंतरिक शक्तियों से कैसे जगाएं आदि विषय है। शिविर के मुख्य वक्ता राजयोग शिक्षिका ब्रम्हाकुमारी दीदी रायपुर होगी।

### हथियार लेकर डराने वाले के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ग्राम जामजुड़ा में चाकू लेकर लोगों को डरा रहे व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम जामजुड़ा बीच गली रंगमंच के पास में एक व्यक्ति चाकूनुमा हथियार अपने हाथ में लेकर लहराते हुए लोगों को धमका रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कि जिस पर उसने अपना नाम बलराम सिदार पिता रजिंदर सिदार (22 साल) जामजुड़ा बताया, आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सरोज बाजपेयी का निधन



**बागबाहरा।** नीय वार्ड क्रं. 5 निवासी अजय बाजपेयी की धर्मपत्नी सरोज बाजपेयी 59 वर्ष का शुक्रवार सुबह विशाखापट्टनम में निधन हो गया। वे वहां उपचार के लिए गयी थी। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर पूर्व स्थानीय मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## शिक्षा : जिपं सीईओ एस आलोक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

# जिले में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। शिक्षार्थी आंकलन परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के 8130 महिला व 1844 पुरुष कुल 9974 लोगों ने परीक्षा में भाग लिया। जिले में कलेक्टर एवं जिला साक्षरता प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में शिक्षार्थी आंकलन परीक्षा हेतु विकासखंड महासमुंद में 123 बागबाहरा में 111 पिथौरा में 181 बसना में 123 एवं सरायपाली में 110 कुल 648 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित समय प्रातः 10 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक आंकलन परीक्षा में सम्मिलित हुए। शिक्षार्थी को प्रश्नपत्र हल करने के लिए तीन घंटे का समय निर्धारित किया गया था।

बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद एस आलोक ने परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला लाफिनखुर्द, शासकीय प्राथमिक शाला लोहारडीह, चोरभट्ठी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र लाफिनखुर्द में सरपंच जानकी बाई साहू एवं चंद्रिका साहू प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं सुशीला साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बुके भेंटकर अभिनंदन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षार्थियों से चर्चा की और उनकी परीक्षा संबंधी अनुभवों को जाना। रामहिन बाई से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रश्न पत्र में दिए गए चित्रों की जानकारी ली और पढ़-लिखकर रामायण पढ़ने तथा बच्चों को कहानी सुनाने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह, नंदिनी सतनामी से चर्चा के दौरान उन्होंने परीक्षा अनुभव साझा करने को कहा और परीक्षा प्रश्न पत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### जिला स्तर पर की गई मानिटरिंग

जिला स्तर पर गठित मॉनिटरिंग दल जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत विकासखंड सरायपाली, मीना पानीग्रही प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) एवं हीना ढालेन, तारिका कुंजाम सहायक विकासखंड अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, विकासखंड नोडल अधिकारी ईश्वर चंद्राकर ने विकासखंड महासमुंद परीक्षा केंद्र का, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा ने विकासखंड पिथौरा, जिला परियोजना अधिकारी कमल नारायण चंद्राकर ने विकासखंड महासमुंद के शाप्राशा लाफिन खुर्द, शाप्राशा लोहारडीह, चोरभट्ठी व विकासखंड बागबाहरा के परीक्षा केंद्र खोपली, बिहाझर, अनवरपुर, दावनबोड का निरीक्षण किया। जिला नोडल अधिकारी संपा बोस ने विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा के परीक्षा केंद्रों का मॉनिटरिंग किया एवं विकासखंड स्तर पर गठित मॉनिटरिंग दल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड नोडल अधिकारी, बीआरसीसी एवं संकुल समन्वयकों ने विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली में देशव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा को सफल बनाने के लिए मॉनिटरिंग किया। निरीक्षण के दौरान संकुल प्रभारी भारत साहू, संकुल समन्वयक लक्ष्मीनाथ सकरिया तथा संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानीन, रसोईया, एवं स्वीपरों ने समस्त शिक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक लाने ले जाने में सहायता प्रदान किए।

# अपनों पर रहम, गैरों पर सितम ये ठीक नहीं : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि जब से डबल इंजन की सरकार का अवतरण इस राज्य में हुआ है तब से उनके मुखिया के बिजली विभाग में समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अंकित ने बताया अधिकतर ग्रामीण इलाकों में पहले रीडिंग वाले जाते नहीं, फिर एवरेज बिल भेजकर खानापूर्ति करते हैं। जबकि, उन्हें प्रति कनेक्शन 5 रुपए तक रीडिंग और बिजली बिल छोड़ने का मिलता है, जो सीधा विभाग के अधिकारियों की जेब में जाता है और जब कोई ईमानदार जेई या एई आता है और रीडिंग करवाता है तो मनमाने बिल की हकीकत सामने आती है, जिसका भुगतान आम जनता को भुगतना पड़ता है। जबकि, कई जगहों पर एकल बत्ती में मीटर की खराबी के चलते लाखों का बिजली बिल भेजा जाता है। ऐन परीक्षा के समय, गर्मी के दिनों में बिजली काटी जा रही है और खुद की सरकार के सरकारी विभागों का हजारों करोड़ रुपए बाकी है और विभाग वाले मजे से एसी चैंबर में बैठे हैं। अंकित ने बताया कि वर्तमान विधानसभा सत्र में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के प्रश्न पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि माह जनवरी 2025 की स्थिति में शासकीय विभागों, निगम, मंडलों पर बिजली बिल की कुल बकाया राशि 2576.59 (दो हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया है) पर उनका विद्युत कनेक्शन विच्छेद नहीं किया जा रहा है। अंकित ने आगे बताया कि सबसे ज्यादा बिल पूरे प्रदेश में नगरीय निकाय का बकाया लगभग 1500 करोड़ है। फिर पंचायती राज विभाग का लगभग 591 करोड़ है और हद तो ये है कि विद्युत निरीक्षण कार्यालय/क्रेडा का 52 लाख का बिजली बिल बकाया है और कुल 45 विभाग के 2576.59 करोड़ रुपये का बिल बकाया है। अन्त में अंकित ने विष्णु सरकार से निवेदन किया कि पहले अपने विभागों से वसूली पूरी करें, फिर आम जनता को परेशान करें।

# छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल का होली मिलन समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल ने होली मिलन समारोह उल्लास पूर्वक मनाया। आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देने वाले इस रंगों के त्यौहार में मन की बुराईयों को होलिका में समर्पित कर मंडल की महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम में होली मिलन मनाया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सोनी समाज की महिलाओं द्वारा राधा कृष्ण की छायाचित्र का पूजन अर्चन एवं गुलाल लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। गणेश जी के वंदन पश्चात फाग गीतों का गायन में महिलाएं जमकर झूमीं। कृष्ण-राधा के भक्तिमय फाग गीतों पर समाज की महिलाएं एवं बच्चे नृत्य कर कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। त्योहार हमारे जीवन में खुशियां, उल्लास और सामाजिक मेल-जोल लाते हैं। साथ ही वह हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। इसी भाव को लिए हुए स्वर्णकार महिलाओं ने आपस में मिलकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हुए समाज के सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की। समारोह में समाज की वरिष्ठ लता सोनी का जन्मदिन केक काटकर एवं मुंह मीठा कर मनाया गया। इस रंगारंग आयोजन में समाज की सरला सोनी, राखी सोनी, पूर्णिमा सोनी, कुंती सोनी, सरोज सोनी, रेणु सोनी, डाली सोनी, बरखा सोनी, नीता सोनी, भावना सोनी, सारिका सोनी, दीक्षा सोनी, लता सोनी, प्रतिमा सोनी आदि मौजूद रहे।

# शहीद दिवस पर आयोजन, जुटे पूर्व सैनिक संगठन के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 23 मार्च को भारत देश के शहीद भगतसिंह राजगुरु और सुखदेव की शहीद दिवस पर शाम 6 बजे पूर्व सैनिक संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पंच त्रिवेणी चंद्राकर, पंच जित्तू मानिकपुरी, पंच कल्पना कापरे, पंच हेमलता चंद्राकर, पंच राखी पटेला, पंच सरिता ढीढी, पंच मनीष चंद्राकर, पंच महेंद्र सूर्यवंशी, अंजना चंद्राकर आदि मौजूद रहे। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव तीन शहीदों के नाम से दीप जलकर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। इस दौरान अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि भारत देश के तीन सच्चे सपूतों जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देशप्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर कर दिया था। मंच संचालन हरिशंकर चंद्राकर ने किया। सरपंच वीणा चंद्राकर का शील्ड से सम्मान किया गया। पंच त्रिवेणी चंद्राकर, पंच राखी पटेला, पंच सरिता ढीढी, पंच मनीष चंद्राकर, पंच जित्तू मानिकपुरी, पंच कल्पना कापरे, पंच हेमलता चंद्राकर, पंच महेंद्र सूर्यवंशी का श्रीफल से सम्मान किया गया। जिसमें बागबाहरा महिला सदस्य एवं पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य माया राम साहू, मानिक राम, साहू प्यारी राम साहू, कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर, नंद किशोर सिन्हा, कन्हैया लाल सोनी, आशा साहू, दीपिका साहू, रेखा वाजपेयी, आकांक्षा, सुमन पांडेय, पूर्णिमा निषाद, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### कसहीबाहरा स्कूल में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा का आयोजन, जिला की टीम ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें ग्राम कसहीबाहरा 12 महिला तथा 01 पुरुष सहित 13 परीक्षार्थी शामिल हुए। डीएमसी रेखराज शर्मा ने सभी परीक्षार्थियों से कहा कि 8 सितंबर 2009 को आपके ग्राम कसहीबाहरा में जिला स्तर पर साक्षरता दिवस मनाया गया था। आप सभी को परीक्षा में सफलता अर्जित करने की शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा और उम्मीद है कि इस बार ग्राम पंचायत कसहीबाहरा पूर्ण साक्षर ग्राम बनेगा। इस अवसर पर जिला टीम के साथ विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण के ब्लॉक नोडल अधिकारी अरुण देवता, विकासखंड पिथौरा के उल्लास कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसेडर एफए नंद, रूट प्रभारी घनश्याम ठाकुर, तुलसी पटेल मौजूद थे। महापरीक्षा अभियान को सफल बनाने में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के संस्था प्रमुख हेमंत खुटे, केंद्राध्यक्ष हितेश पटेल, पर्यवेक्षक तबस्सुम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षा साहू, डिगेश्वरी साहू, अनुदेशक डुमेंद्र ध्रुव व वर्षा ध्रुव की महती भूमिका रही।



### अमर वीर शहीदों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** शहीद दिवस पर भाजपा शहर मंडल ने वार्ड क्रमांक 10 में स्थित शहीद भगतसिंह चौक में अमर वीर शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बलिदानियों की शहादत को नमन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा, जिला पदाधिकारी थानसिंग दीवान, निरंजना शर्मा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, तेजेंद्र शर्मा, दिग्विजय साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, सरिंदर सिंह मन्नू, पूर्व पार्षद मीना वर्मा, गोविंद ठाकुर, अरविंद प्रहरे, झनक साहू, सुनैना पप्पू ठाकुर, पीयूष साहू, माधुरी यादव, कल्पना सूर्यवंशी, पार्षद धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, शोभा शर्मा, मुन्ना साहू, हिमांशु चंद्राकर, माखन सिंह, समीर कसकसे आदि मौजूद रहे।

# कृषक उन्नति योजना से बदली किसान धनीराम की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के महासमुंद विकासखंड के ग्राम चिंगरौद के किसान धनीराम साहू के जीवन में कृषक उन्नति योजना आर्थिक समृद्धि का नया अवसर लेकर आई है। शासन द्वारा धान खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किए जाने से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

धनीराम साहू ने बताया कि उन्होंने कुल 6 एकड़ में धान की खेती की थी, जिससे अच्छी आमदनी प्राप्त हुई। वे इस राशि से अपनी नवीन कृषि भूमि खरीदने की योजना बना रहे हैं, जो कि पहले पूंजी की कमी के कारण संभव नहीं हो पा रही थी। इसके अलावा, वे इस आय का उपयोग अपने बच्चों की शिक्षा और खेती के अन्य कार्यों में भी करेंगे। धनीराम का मानना है कि साय सरकार की इस योजना ने प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका कहना है कि पहले की तुलना में अब धान की खेती से अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है और अंतर राशि का भुगतान भी समय पर हो रहा है, जिससे किसानों का शासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य में किसान खुशहाल हैं और कृषि क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पूरे देश में सबसे अधिक है, जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिल रहा है। कृषक उन्नति योजना निश्चित रूप से किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है और कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित करने में मदद कर रही है।



### रसोइयों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**महासमुंद।** आशीबाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय के सभागार में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय रसोईया प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, मदरसा एवं आश्रम शालाओं के रसोइयों की उपस्थिति रही, प्रशिक्षण प्रभारी हीना ढालेन द्वारा रसोईया के कार्यों और उनके अधिकारों के बारे प्रकाश डाला गया। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अंजू सोनछत्र द्वारा मध्यान्ह भोजन के उद्देश्य, आवश्यकता, खाद्य पदार्थ की मात्रा मध्यान्ह भोजन मीनू, किचन शेड के रखरखाव एवं भोजन बनाते समय रखी जाने वाली सावधानी के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में अनुराग तिवारी कंप्यूटर ऑपरेटर, नीलम बघेल सहायक शिक्षक, रामेश्वर साहू सहायक शिक्षक, दिनेश यादव, पूर्णेंद्र दीवान की भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच चल रहे महानदी जल विवाद को सुलझाएगी ट्रिपल इंजन सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**समाधान के लिए सीएम विष्णुदेव साय और मोहनचरण मांझी के बीच बनी सहमति पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने जताया आभार**



छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच महानदी जल विवाद को हल करने की दिशा में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा की गई पहल का पूर्व सांसद और भाजपा नेता चुन्नीलाल साहू ने स्वागत करते हुए कहा है कि यह मुद्दा वर्षों से दोनों राज्यों के बीच मतभेद का कारण बना हुआ था, लेकिन अब इसके समाधान की उम्मीद जग गई है। साहू ने दोनों मुख्यमंत्रियों की पहल पर कहा कि उन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल में भी इस विवाद को सुलझाने के लिए सदन में कई बार अनुरोध किया था, लेकिन दोनों राज्यों में गैर भाजपा सरकार होने के कारण समाधान की दिशा में पहल नहीं हुई। मालूम हो महानदी जल विवाद तब शुरू हुआ जब छत्तीसगढ़ सरकार ने महानदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में कई बैराज और चेक डैम बनाए। इससे ओडिशा में नदी के निचले हिस्से में जल प्रवाह कम होने लगा, जिससे गर्मियों के दौरान नदी का जल स्तर बेहद घट जाता है। ओडिशा सरकार का दावा है कि छत्तीसगढ़ की जल परियोजनाओं के कारण राज्य को सिंचाई और पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने विश्व जल दिवस के अवसर पर कहा कि केंद्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में एक ही पार्टी की सरकार होने से इस मुद्दे को हल करने में तेजी आएगी। उन्होंने कहा, चूंकि केंद्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में ट्रिपल इंजन की सरकार है, इसलिए इस विवाद को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया जाएगा।

इस विवाद को लेकर ओडिशा ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) और जल विवाद न्यायाधिकरण में भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन समाधान नहीं निकल पाया। शनिवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण माझी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भुवनेश्वर में लोक सेवा भवन में बैठक हुई। इस दौरान दोनों मुख्यमंत्रियों ने विवाद को सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने की सहमति जताई। ओडिशा के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने महानदी जल विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। इस बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि यह विवाद लंबे समय से चला आ रहा था। मैंने अपने संसदीय कार्यकाल में सदन में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था और समाधान की मांग की थी। अब जब दोनों राज्यों की सरकारें इस दिशा में ठोस कदम उठा रही हैं, तो उम्मीद है कि महानदी के जल का उपयोग जनहित में होगा।

पूर्व सांसद साहू ने कहा कि महानदी के जल का न्यायसंगत वितरण दोनों राज्यों के हित में है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में इस दिशा में सकारात्मक और जनहितैषी निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महानदी के पानी के उपयोग को लेकर वर्षों से चला आ रहा मतभेद दूर होगा और दोनों राज्य आपसी समन्वय से इसका लाभ अपने नागरिकों तक पहुंचा सकेंगे।

### कुर्मी क्षत्रिय महासभा की महिलाओं का हुआ होली मिलन



**महासमुंद।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की महिलाओं द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर में होली मिलन समारोह एवं खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर में राधा कृष्ण की आरती करके फाग गीत गाकर एक दूसरे को बधाई देते हुए गुलाल लगाया। खेल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कार वितरण किया गया। फाग गीत वाले को भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रामा चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, द्रौपदी चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, चंद्रकला चंद्राकर, शशि अविनाश चंद्राकर, पिंकी चंद्राकर, कामिनी चंद्राकर, मीणा चंद्राकर, स्मिता चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, मोती चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, कामिनी चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सीएचसी बागबहरा में लगा मेंटल हेल्थ कैंप

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबहरा में फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 24 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से शिविर आयोजित किया गया। सीएचसी बागबहरा डॉ बीएस बढ़ाई बीएमओ, हेमकुमार सोनकर बीपीएम के सहयोग से मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोशल वर्कर, खोमन लाल साहू साइकेट्रिक नर्स द्वारा मानसिक रूप से ग्रस्त मरीजों को देखा गया।

### कोकड़ी स्कूल में कराया नेवता भोज

**नर्रा।** संकुल केंद्र नर्रा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कोकड़ी में शासन की योजना के तहत नेवता भोज कराया गया। प्राथमिक शाला में दर्ज सभी छात्र-छात्राओं को नेवता भोज में अंडा, केला एवं जलेबी के साथ थाली में दाल चावल परोसा गया। यह भोज शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष पोखन महानंद के द्वारा बच्चों को भोजन खिलाकर शासन की योजना के सहभागी बने। इस दौरान प्रधान पाठिका लता राजपूत, शिक्षक नीलकंठ पटेल आदि मौजूद रहे।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में लगेगा 26 से कैंप

**महासमुंद।** बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन, आवेदन के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक में 26 से 27 मार्च को शिविर लगाया जा रहा है।

### पंजीयन नवीनीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन नवीनीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 31 जनवरी 2025 थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। मंडल के अनुसार, अधिसूचित प्रवर्गों के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों द्वारा किया गया पंजीयन या नवीनीकरण पांच वर्ष के लिए वैध होता है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ का होली मिलन समारोह आज

**तेंदूकोना।** मंगलवार को यहां के ब्राह्मण समाज भवन में 11 बजे पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा का होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। सभी पेंशनर साथियों से उपरोक्त सम्मेलन में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही सम्मेलन में वार्षिक आय व्यय व साथियों की पेंशन संबंधी कठिनाइयों का उचित माध्यम से निराकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी संघ के सदस्य रामजी प्रसाद पांडेय तेंदूकोना ने दी है।

उपलब्धि : टीबी मुक्त होने के 6 मापदंड पर खरी उतरीं पंचायतें

# विश्व क्षय दिवस का आयोजन 60 ग्राम पंचायत हुए टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से पूरे देश में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत बागबाहरा की 60 ग्राम पंचायतों को वर्ष 2023ः 24 में टीबी मुक्त घोषित की गई है। ये ग्राम पंचायतें को टीबी मुक्त होने के 6 मापदंड पर खरी उतरी है। इसके आधार पर इन्हे टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है। जनपद सभागार में हुए इस कार्यकम में मुख्य अतिथि केशव नायकराम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा, खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

विकासखंड कार्यकम प्रबंधक हेमकुमार सोनकर ने बताया कि मार्च 2023 में शुरू हुए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त गाम पंचायत अभियान के तहत पचेडा, नामाभांचा,



पोटिया, कमरौद, जामली, तुषदा, खम्हरिया, आमाकोनी, बोधराबांधा, तमोरा, धरमपुर, खुटेरी, टेका, घोटियापानी, बोकरामुडाखुर्द, टुहलु, कोसमर्रा, भलेसर, कसेकेरा, सोनापुटी, कसहीबाहरा, खोपली, सम्हर, लमकेनी, जुनवानीकला, घुचापालीकला, सुनसुनिया, दारगांव, सिर्री, पठारीमुडा, बिहाझर, सिमगांव, खुर्सीपहार, खेमड़ा, टेमरी, डोगरगांव, चिगरिया, खैरटखुर्द, घोयनाबाहरा, कुलिया, कोमाखान, पतरापाली स. बोइरगांव, परकोम, राटापाली, खटटी, परसुली, पंडरीपानी, कोमा, अरंड, मोहंदी, सुखरीडबरी, दाबपाली, गबौद, बरबसपुर, खल्लारी, अंवराडबरी, कन्हारपुरी, चुरकी, पतेरापाली, खाड़ादरहा ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। कठोर मापदंड में 60 पंचायत विभिन्न मापदंड के आधार पर टीबी मुक्त पंचायत का चयन किया गया है। जिसमें संदिग्ध टीबी मामलों की जांच प्रतिवर्ष टीबी नोटिफिकेशन दर प्रतिवर्ष उपचार सफलता दर 85 प्रतिशत रोगी इलाज के बाद सही होने ड्रग सस्पेक्टिबिलिटी टेस्ट 60 प्रतिशत मरीजों की हाईटेक मशीनों से टीबी की जांच, निक्षय मित्रों द्वारा शत-प्रतिशत पोषण किटों का वितरण जैसे मापदंडों के आधार पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। डॉ. बीएस बढ़ई खंड चिकित्सा अधिकारी सामु. स्वा. केंद्र बागबाहरा ने बताया कि अभियान के तहत घर घर सर्वे, कम्युनिटी मोबिलाईजेशन, जन जागृति के लिए नारा लेखन, स्कूलों में भाषण प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, काउंसिलिंग, आमुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने अपने उद्बो धन में कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हरसंभव मदद करें, जिससे बागबाहरा ही नहीं टीबी मुक्त छग के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों को निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण की सहायता प्रदान करने की अपील की। खिलेश्वरी छोटू बघेल नगरपालिका अध्यक्ष बागबाहरा ने टीबी हारेगा देश जीतेगा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता को बताया।

# अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव ने खेलों इंडिया पैरा गेम्स में जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दूसरा खेलों इंडिया पैरा गेम्स 2025 का आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में 20 से 23 मार्च तक आयोजित किया गया हैं। जिसमें महासमुंद जिले के 3 खिलाड़ी व कोच मैनेजर शामिल हुए हैं। जिसमें फॉर्च्यून फाउंडेशन करमापटपर बागबाहरा खुर्द बागबाहरा के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव केंवट, लक्की यादव, निखिल यादव एवं गाइड रनर ताबरेस खान, मैनेजर निरंजन साहू, कोच वशिम रजा कुरैशी, संजय पैकरा, टुकेंद्र शामिल हुए।

टी 11 कैटेगरी में सुखदेव ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता एवं जिला, प्रदेश का नाम रौशन किया। टी 11 कैटेगरी में लक्की यादव ने 400 मीटर दौड़ में पांचवां स्थान प्राप्त किया। एवं टी 12 कैटेगरी के 5000 मीटर दौड़ में निखिल यादव ने छठवां स्थान प्राप्त किया। सुखदेव ने हॉल ही फरवरी में 23 वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप चेन्नई में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। सुखदेव पिता छत्रपाल केंवट एवं निखिल यादव पिता दाऊलाल यादव दोनों वर्तमान

**खेलों इंडिया पैरा गेम्स 2025 में सुखदेव ने 400 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक**

में भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) बैंगलोर में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

खेलो इंडिया पैरा गेम्स न्यू दिल्ली में सुखदेव के स्वर्ण पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, पैटरोन सदस्य राज्य पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन आरसी मिश्रा, प्रदेश सचिव डिकेश टंडन, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, पारस चोपड़ा, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार भोई, डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव तोरण यादव, सदस्य बीजू पटनायक, डीएन साहू, विपिन बिहारी महंती, सविता निषाद, पहल ग्रुप बागबाहरा पुष्पेंद्र चंद्राकर, अपूर्व पांडे, ललिता साहू, भूमिका यादव, रश्मि साहू, दिव्यलोचन साहू, भेखलाल साहू, तुलसीराम बारिहा, दिलेश्वर चंद्राकर, मायाराम पटेल, विकास बग्गा, भोजराम वर्मा, नरेश जैन, लक्ष्मी प्रिया साहू, फॉर्चून नेत्रहीन हॉयर सेकेंडरी स्कूल करमापटपर बागबाहरा के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

## मिनी गोल्फ खिलाडी चैनकुमारी को मिला एक लाख बीस हजार का चेक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स के तहत मिनीगोल्फ में कांस्य पदक विजेता रही चैन कुमारी निषाद को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सम्मान समारोह में खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह के साथ एक लाख बीस हजार रुपए का चेक प्रदान कर उन्हें समानित किया।

## वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 विषय पर कार्यशाला 27 को

**महासमुंद।** स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 विषय में कार्यशाला 27 मार्च गुरूवार को शाम 6 बजे स्वाध्याय केंद्र में आयोजित है। उक्त कार्यशाला आयोजन के पूर्व समिति की बैठक रखकर रूपरेखा तैयार कर सफल आयोजन के लिए सदस्यों को दायित्व सौंपा गया। बैठक में स्वाध्याय केंद्र समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र राठौर ने बताया कि कार्यशाला में छग शासन वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा. सलीम राज प्रमुख वक्ता के बतौर मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहेंगे। समिति के अध्यक्ष राठौर ने क्षेत्र के समस्त प्रबुद्धजन, समाजसेवी, पत्रकार, सभी राजनैतिक दल के नेता, धर्म प्रेमी, विभिन्न संगठनों के प्रमुख सह प्रमुखों से अपील करते हुए 27 मार्च गुरुवार शाम 6 बजे स्वाध्याय केंद्र कॉलेज रोड में बड़ी संख्या में आने की अपील की है। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के उपाध्यक्ष महेश चंद्राकर, सचिव चंद्रशेखर साहू, समिति के कार्यकारिणी सदस्य डा. विमल चोपड़ा पूर्व विधायक, देवीचंद राठी नगर पालिका उपाध्यक्ष, चंद्रबदन मिश्रा, रितेश गोलछा, राजेश डड़सेना, उत्तम वर्मा, उत्तरा प्रहरे, मोहन साहू, पवन साहू, जितेंद्र साहू, लक्ष्मीकांत तिवारी, नईम खान, सुमीत ढिल्लो, गोवर्धन प्रधान, सुरेंद्र महाराज, लक्ष्मीकांत यदु, विपिन मोहंती, युवराज साहू, रामेश्वर साहू, गौरव राठी उपस्थित थे।



# पंचायत सचिवों की हड़ताल से गांवों में अटके कामकाज

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर अपनी एक सूत्रीय मांग परिवीक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण राज्य सरकार के कर्मचारी को लेकर 17 मार्च 2025 से आजपर्यंत तक आंदोलनरत है। जिसके कारण ग्राम पंचायतों में ताला लटका हुआ है तथा आवश्यक सेवाओं में जैसे पेयजल, पेंशन, लोकसेवा गारंटी, प्रधानमंत्री आवास, जाति निवास, जन्म मृत्यु व विवाह का पंजीयन राशनकार्ड, श्रद्धांजलि योजना, आयुष्मान कार्ड किसान कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा कार्य, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, परिवार सहायता, दिव्यांगजन कल्याण जैसे कार्य ठप पड़े हुए है।

पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने पर अन्य विभाग के समन्वयक से किए जाने वाले कार्य में नामांतरण, फावती, बटवारा, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान, वंदन योजना, वृद्धजन कार्ड, आंगनबाड़ी प्राथमिक शालाओं में पेयजल विद्युत आपूर्ति नोनी सुरक्षा योजना स्वामित्व योजना अतर्गत आबादी भूमि का पट्टा वितरण प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 2.0 नवीन स्थाई प्रतीक्षा सूचि के



लिए संवेक्षण कार्य पलायन पंजी का निराकरण, संधारण, सामुदायिक, व्यक्तिगत, वनधिकारों के मान्यता के संबंच में प्राप्त आवेदनों का निराकरण, अंतरविभागीय कार्यों के तहत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का प्रस्ताव जैसे समस्त विकास कार्य गंभीर रूप से प्रभावित है। जबकि, जाने वाले दिनों में भीषण गर्मी से ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिगत जल सूख जाने के कारण भयावह पेयजल व निस्तारी का संकट है। ग्रामीणों को राहत पहुंचाने हेतु किए जाने वाले सभी आवश्यक उपाय सचिवों के हड़ताल में चले जाने से ग्रामीण का भटकना पड़ रहा है। पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई बागबाहरा के अध्यक्ष चंद्रप्रताप सिंह ठाकुर ने बताया कि हड़ताल के आठवें दिन पश्चात भी हमारी मांगों के संबंध में शासन की ओर से किसी प्रकार का संवाद स्थापित नही होने कारण आगामी दिनों में हड़ताल को और अधिक उग्र बनाने की तैयारी चल रही है। जिससे विभिन्न सरकारी व राजनैतिक संगठनों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस हड़ताल में बागबाहरा जनपद पंचायत के 111 पंचायत के 105 सचिवों की शत प्रतिशत उपस्थिति जारी है।

# तीरंदाजी चैंपियनशिप में जिले के 7 खिलाड़ी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन गुंटूर आंध्रप्रदेश में 22 से 23 मार्च तक अंडर 13 आयु वर्ग एवं 26 से 29 मार्च 2025 तक अंडर 15 आयु वर्ग में आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की अंडर 13 एवं अंडर 15 बालक एवं बालिका टीम शामिल हैं। जिसमें राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी शामिल हुए।



जिले से इंडियन राउंड अंडर 13 के बालिका वर्ग में जया पहटिया प्रथम स्थान और चांदनी साहू चौथे स्थान प्राप्त किया। अंडर 13 बालक वर्ग में टुकेश प्रथम स्थान, पीयूष तृतीय स्थान एवं नमन मांझी चतुर्थ स्थान प्राप्त कर नेशनल के लिए चयनित हुए। रिकर्व राउंड अंडर 13 बालिका वर्ग में लक्ष्मण चंद्राकर ने तृतीय स्थान हासिल कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। अंडर 15 में वैशाली साहू ने दूसरा स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाने में सफल रही। राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में जिले से चयनित सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल होने एवं अच्छे खेल प्रदर्शन करने के लिए खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, दीपक मंडावी, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, प्राचार्य एकलव्य आदर्श विद्यालय भोरिंग महेंद्र टंडन, खेल प्रशिक्षक बाल आश्रम बिहाझर पिरित साहू, संजय पटेल, सोमनाथ साहू, ऋषि कपूर साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई, रिंकल बग्गा, रंजीत कौर, भोजराम साहू, खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग महासमुंद के खिलाड़ी, बॉल आश्रम बिहाझर के सभी खिलाड़ी व समस्त स्टॉफ, माता-पिता इत्यादि ने अच्छा प्रदर्शन करने प्रेरित किया।

# नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ने चंडी मंदिर पहुंच मार्ग निर्माण का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- नपाध्यक्ष ने पहुंच मार्ग और ट्यूबलर पोल को नवरात्र से पूर्व पूर्ण करने दिए निर्देश

24 मार्च को नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल द्वारा निकाय अंतर्गत प्रगतिरथ निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 11 में बाजारपारा से तेंदूलोथा तक सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया, साथ ही सीएमओ को नवरात्र से पहले पहुंच मार्ग व प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिए। नगर से चंडी माता मंदिर पहुंच



निर्माणाधीन मार्ग की लागत 57 लाख रुपए और तेंदूलोथा से चंडी मंदिर तक प्रकाश व्यवस्था के 59 लाख रुपए की लागत से कार्य हो रहा है। निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण के दौरान वार्ड न 9 के पार्षद मिथुन अमीर, लोकेश उइके, ताम्रध्वज बघेल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल बर्मन भी मौजूद रहे।

# फूलों व गुलाल संग ब्राम्हण समाज ने मनाया होली मिलन, फाग गीत भी गाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ब्राम्हण समाज के होली मिलन कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने फाग गीतों के साथ गुलाल व फूलों से होली मिलन के कार्यक्रम को यादगार बनाया। ब्राम्हण समाज अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने गुलाल लगाकर सभी विप्र बंधुओं का स्वागत किया। सचिव दीपक तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। विनती शर्मा ने उपस्थित महिला बहनों को गुलाल लगाकर अभिवादन किया। विप्र बंधुओं के साथ महिलाओं ने भी फाग गीत गया।

इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष होरी लाल पांडे, वर्तमान उपाध्यक्ष अश्वनी तिवारी, नगर पुरोहित पंकज तिवारी, अनुज पांडेय, संतोष मिश्रा, हितेंद्र शर्मा,



युवा ब्राम्हण समाज अध्यक्ष समीर तिवारी महिला ब्राम्हण समाज अध्यक्ष राजेश्वरी पांडे, सरिता तिवारी, मधु तिवारी, शीला पांडे, निरंजना शर्मा, वाणी तिवारी, अर्चना तिवारी, संजय शर्मा, मनीष शर्मा, गिरधर पांडे, अरुणेंद्र दीवान, हेमंत महाराज, प्रीतक बाजपेयी, सुधांशु दीवान, तुमगांव से ऋषि शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, सत्य नारायण तिवारी, अग्रज शर्मा संदीप दीवान, बसंत तिवारी, राजेश्वर खरे, संतोष शर्मा, शंकर पांडे, महेश शर्मा, देवेंद्र दुबे, बिंदु आचार्य सहित बड़ी संख्या में ब्राम्हण बंधु उपस्थित रहे। समाज में जागरुकता लाते हुए मिलजुल कर त्यौहार मनाने से आनंद दोगुना हो जाता है, इस संदेश के साथ पारंपरिक पकवानों का भी स्वाद लिया गया।

## विनोद शुक्ल को ज्ञानपीठ सम्मान की घोषणा पर जताई खुशी

**महासमुंद।** हिंदी के लब्ध-प्रतिष्ठित साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को साहित्य का शीर्ष सम्मान, ज्ञानपीठ देने की घोषणा पर स्थानीय आस्था साहित्य-समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सदस्यों ने इसे उनके हिंदी साहित्य में अद्वितीय योगदान, सृजनात्मकता और विशिष्ट लेखन शैली के साथ छत्तीसगढ़ की सोंधी माटी का सम्मान बताया। बैठक में सदस्यों ने उनकी कृतियों-लगभग जय हिंद, आकाश धरती को खटखटाता है (काव्य संग्रह), गमले में जंगल, गोदाम (कहानी संग्रह) व उपन्यास-नौकरी की कमीज व खिलेगा तो देखोगे-की चर्चा कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शुभकामनाएं देने वाले सदस्यों में आनंद तिवारी पौराणिक, एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, सरिता तिवारी, सुजाता विश्वनाथन, उत्तरा विदानी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, टेकराम सेन, केआर चंद्राकर व बंधु राजेश्वर खरे उपस्थित थे।




